INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Question Bank – हम पंछी उन्मुक्त गगन के

अति लघु प्रश्न –

प्रश्न 1 पक्षी कैसा जल पीना चाहते हैं ?

उत्तर : पक्षी नदियों और झरनों का बहता जल पीना चाहते हैं l

प्रश्न 2 पंछी अपना मधुर गीत कब नहीं गए पाएँगे ?

उत्तर- पंछी अपना मधुर गीत पिंजरे में बंद होकर नहीं गए पाएँगे ।

प्रश्न 3 पंछी कहाँ का जल पीना पसंद करते हैं ?

उत्तर - पंछी नदी और झरनों का बहता जल पीना पसंद करते हैं।

प्रश्न 4 पंछियों के लिए पिंजरे में रखे मैदा से बेहतर क्या है ?

उत्तर - पंछियों के लिए पिंजरे में रखे मैदा से बेहतर निबौरी अर्थात नीम का फल है|

प्रश्न 5 पंछी कैसा जीवन चाहते हैं ?

उत्तर - पंछी एक स्वतंत्र जीवन चाहते हैं ।

लघु प्रश्न –

प्रश्न -1 पक्षी पेड़ों पर क्या करना चाहते हैं ?

उत्तर : पक्षी पेड़ों की फुनगी पर बैठ झूलना चाहते हैं, गाना चाहते हैं और जीवन के सपने देखना चाहते हैं ।

प्रश्न -2 पक्षी कैसा जीवन जीना चाहते हैं ?

उत्तर : पक्षी स्वतंत्र जीवन जीना चाहते हैं l अपनी इच्छा के अनुसार खुले आसमान में उड़ना चाहते हैं , पेड़ों पर बैठ गाना चाहते हैं l

प्रश्न -3 पंछियों के सपने और अरमान क्या हैं ?

उत्तर - पंछियों के सपने पेड़ों की डालियों पर बैठ झूला झूलने और आकाश की सीमा तक उड़ने के अरमान हैं ।वे लाल–लाल तारे जैसे अनार के दाने चुगने के भी अरमान रखते हैं ।

प्रश्न-4 पिंजरे में पंछी क्या-क्या नहीं कर सकते ? OR
पिंजरे में पक्षियों को क्या-क्या कष्ट होते हैं ?

उत्तर - पिंजरे में पंछी पंख नहीं फैला सकते, ऊँची उड़ान नहीं भर सकते, बहता जल नहीं पी सकते और पेड़ों पर लगे हुए फल नहीं खा सकते।

दीर्घ प्रश्न –

प्रश्न-1 कविता में पंछी क्या याचना कर रहे हैं ? OR पक्षी हमसे क्या चाहते हैं ?

उत्तर - कविता में पंछी याचना कर रहे हैं कि चाहे उनके घोंसले तोड़ दें या चाहे उनके टहनी के आश्रय को छिन्न- भिन्न कर दे, पर जब ईश्वर ने उन्हें पंख दिए हैं तो उनके उड़ान में विघ्न न डाले ।

प्रश्न-2 इस कविता के माध्यम से पंछी क्या संदेश देना चाहते हैं ?

उत्तर - इस कविता के माध्यम से पंछी यह संदेश देना चाहते हैं कि स्वंतत्रता सब को प्रिय होती है और स्वंतत्र रह कर ही हम अपने सभी इच्छाओं को पूरा कर सकते हैं।

प्रश्न-3 हर तरह की सुख-सुविधाएं पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते?

उत्तर - हर तरह की सुख सुवधाएं पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद इसलिए नहीं रहना चाहते क्योंकि उन्हें स्वतंत्रता पसंद हैं, वह बंधन में नहीं रहना चाहते। वह खुल कर आकाश में उड़ना चाहते हैं।

प्रश्न-4 पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन-कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते थे ?

उत्तर - पक्षी उन्मुक्त रहकर बहता हुआ शीतल जल पीना, कड़वे निबौरी के फल खाना, पेड़ की सबसे ऊंची टहनी पर झुलना, खुले आसमान में उड़ना तथा क्षितिज के अंत तक उड़ने की इच्छाएँ पूरी करना चाहते थे ।

भाषा संबंधी कार्य

लिंग बदलकर लिखिए :

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
घोड़ा	घोड़ी	बंदर	बंदरिया
बकरा	बकरी	शेर	शेरनी
मौसा	मौसी	मोर	मोरनी
ग्वाला	ग्वालिन	बालक	बालिका

प्रश्न : रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्यों को फिर से लिखिए :

अरबी घोड़ा तेज दौड़ता है ।	अरबी घोड़ी तेज दौड़ती है ।
बकरा हरी–हरी घास खाता है ।	बकरी हरी–हरी घास खाती है ।
मेरे मौसा कल मेरे घर आए ।	मेरी मौसी कल मेरे घर आई ।
ग्वाला दूध बेचने निकला ।	ग्वालिन दूध बेचने निकाली ।
शेर जंगल का राजा होता है ।	शेरनी जंगल की रानी होती है ।
मोर एक सुंदर पक्षी है ।	मोरनी एक सुंदर पक्षी है ।
बालक गाना चाहता है ।	बालिका गाना चाहती है ।
बंदर केला पसंद करता है ।	बंदरिया केला पसंद करती है ।

प्रश्न : दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए :

पंछी	-	पक्षी ,	खग
गगन	–	आकाश ,	नभ
कनक	–	सोना,	कंचन
जल	–	पानी ,	नीर
अद्भुत	–	निराला ,	अनूठा
अनाज	–	अन्न ,	शस्य
उन्नति	–	विकास ,	प्रगति
किरण	–	रश्मि ,	कर
कोयल	–	कोकिला ,	पिक
आभूषण	–	गहना ,	अलंकार
आनन्द	–	प्रसन्नता ,	ख़ुशी

प्रश्न : दिए गए शब्दों के विलोम लिखिए :

अंधकार	x	प्रकाश
अनाथ	x	सनाथ
ऊँचा	x	नीचा
कठोर	x	मृदु
नीरस	x	सरस
गंदगी	x	सफ़ाई
तीव्र	x	मंद
उचित	x	अनुचित
चेतन	x	अचेतन